## पाठ 14

# बालमेला और खेल

अभ्यास मध्य विद्यालय शेखपुरा में आज बाल–मेले का आयोजन है। सभी छात्र–छात्राएँ बहुत खुश हैं। बाल–मेले में विभिन्न प्रकार की शैक्षिक एवं खेल–कूद प्रतियोगिताएँ होनेवाली है। मैदान की साफ–सफाई पूर्व में हो चुकी है। बाल–संसद के सदस्यगण अपने शिक्षकों के साथ बाल–मेला के आयोजन में व्यस्त हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेनेवाले विद्यार्थी अपना–अपना अभ्यास कर रहे हैं। कोई दौड़ लगा रहा है तो कोई कूद रहा है। कोई चित्र बनाने का अभ्यास कर रहा है तो कोई भाषण देने की तैयारी।








1. क्या आपके विद्यालय में भी बाल मेला का आयोजन होता है?

_______________________________________________

_______________________________________________

2. आप बाल–मेले में किस–किस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं?

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

## सोचिए–

3. खेलने से पूर्व मैदान की साफ–सफाई क्यों आवश्यक है?

___________________________________________________

___________________________________________________

4. बाल–मेले में आयोजित खेल–प्रतियोगिता की एक सूची बनाइए?

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

5. आप घर या विद्यालय में खेले जानेवाले खेलों के नाम तालिका में लिखिए।

| घर पर खेले जानेवाले खेल | विद्यालय में खेले जानेवाले खेल | दोनों जगह खेले जानेवाले खेल |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

6. कोई ऐसा खेल जो आपको पसंद है, उसके बारे में नीचे दी गई तालिका में लिखिए।

| खेल का नाम | खेल के दौरान प्रयोग होनेवाली सामग्री | खिलाड़ियों की संख्या | खेलने में लगनेवाला समय | कहाँ खेला जाता है |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

7. आप अपनी पसंद के किसी एक खेल के बारे में बताइए कि उसमें क्या–क्या नियम होते हैं?

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

अन्ततः वह दिन आ गया जिस दिन सोनू के विद्यालय में बाल मेला का आयोजन होनेवाला था। सुबह से ही सारे बच्चे मैदान में थे। कुछ बच्चे लम्बी कूद लगा रहे थे, कुछ दौड़ लगा रहे थे तो कुछ बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे। तभी फुटबॉल खेलनेवाले कुछ बच्चे खेलते–खेलते आपस में झगड़ पड़े। तभी एक अध्यापक वहाँ पहुँच गए। उन्होंने झगड़ा बन्द करवाया और बच्चों को समझाया कि हर खेल के कुछ नियम होते हैं। हमें खेलभावना के साथ कोई खेल खेलना चाहिए। किसी भी खेल में टीम के सभी सदस्यों का आपसी सहयोग व तालमेल बहुत जरूरी होता है।

8. अनुमान लगाइए कि यह झगड़ा क्यों हुआ होगा?

___________________________________________________

___________________________________________________

9. क्या खेलते वक्त आपका किसी से झगड़ा हुआ है?

___________________________________________________

___________________________________________________

10. अक्सर खेलते वक्त किस बात को लेकर झगड़ा होता है?

___________________________________________________

___________________________________________________

11. खेल में झगड़ा न हो, इसके लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए?

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

आपने कई बच्चों को खेलते हुए देखा होगा। क्या ऐसा हुआ है कि कुछ खेल केवल लड़कियाँ ही खेलती हैं उन्हें लड़के नहीं खेलते हैं और कुछ खेल केवल लड़के खेलते हैं उन्हें लड़कियाँ नहीं खेलती हैं ?

नीचे की तालिका में लिखिए –

| ऐसे खेल जिन्हें केवल लड़कियाँ खेलती हैं | ऐसे खेल जिन्हें केवल लड़के खेलते हैं | ऐसे खेल जिन्हें दोनों खेलते हैं |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

12. क्या लड़कों के लिए अलग और लड़कियों के अलग खेल होने चाहिए? कारण भी बताइए।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

13. क्या सभी खेलों को लड़के एवं लड़कियाँ दोनों खेल सकते हैं? अपने विचार लिखिए।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________